Title : Need to set up a Textile Park in Maharashtra and increase the MSP of cotton-Laid.

**श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल (जलगाँव):** महाराष्ट्र में भारी मात्रा में कपास की खेती करने वाले किसान मौजूद है जिनकों फसल का मुआवज़ा ना मिलने के कारण बहुत असुविधा हो रही है । महा विकास आघाड़ी की सरकार में मैंने व्यक्तिगत स्तर पर textile पार्क की स्थापना को लेकर निरंतर अंतराल पर पत्रों के माध्यम से निवेदन किये लेकिन सरकार द्वारा कोई कदम कथित रूप से नहीं उठाया गया और आज किसान इसलिए परेशान है क्योंकि processing facility के अभाव में demand और supply का gap है जिससे उपज का सही दाम नहीं मिल रहा । मान्यनीय वित्त मंत्री जी ने बजट में Mega Investment Textiles Parks (MITRA) की घोषणा की थी । कपास के किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण processing और textile पार्क की स्थापना होगी जहाँ किसान अपनी उपज बेहतर दामों पर बेच सकेंगे और इसके अतिरिक्त कपास पर दिए जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य को भी बढ़ाने की आवश्यकता है । मेरा सरकार से निवेदन है कि कपास के किसानों को हो रही परेशानी को देखते हुए केंद्र सरकार तत्काल में एक textile पार्क को स्वीकृति दे और कपास पर दिए जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य को भी बढ़ाया जाए जिससे उत्तर महाराष्ट्र के कपड़ा उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा और रोज़गार के अवसर पैदा होंगे जिससे मेरे लोकसभा क्षेत्र का विकास भी होगा ।